संसद सदस्यों ने पूर्व प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की

...

नई दिल्ली, 20 अगस्त 2023: राज्य सभा में विपक्ष के नेता, श्री मल्लिकार्जुन खड़गे; शिक्षा और विदेश राज्य मंत्री, डॉ. राजकुमार रंजन सिंह; लोक सभा सदस्य, श्रीमती सोनिया गांधी ने आज भारत के पूर्व प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों, लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह, राज्य सभा के महासचिव, श्री पी.सी.मोदी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में श्री राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।।

श्री राजीव गांधी भारत के छठे प्रधान मंत्री थे जो 31 अक्तूबर, 1984 से 2 दिसंबर 1989 तक इस पद पर रहे। संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में श्री राजीव गांधी के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. शंकर दयाल शर्मा द्वारा 20 अगस्त, 1993 को किया गया था।